KRISHAK JAGAT

कृषक जगत

राष्ट्रीय कृषि अखबार

कृषि रसायन ने की नकली पोषक सुपर स्टार बेचने की शिकायत

18 सितम्बर 2024, इंदौर: ***कृषि रसायन ने की नकली पोषक सुपर स्टार बेचने की शिकायत*** – प्रसिद्ध कंपनियों के कृषि उत्पादों के नाम से नकली माल बनाकर बेचने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। ऐसा ही एक मामला प्रतिष्ठित कम्पनी कृषि रसायन एक्सपोर्ट्स प्रा लि. के उत्पाद पोषक सुपर स्टार के नाम से नकली माल बेचने का सामने आया है,जो एक किसान की जागरूकता से उजागर हुआ। एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर पुलिस / प्रशासन की नाकामी से नकली कृषि आदानों के बेचे जाने से किसान प्रभावित होते हैं। उन्हें वांछित उपज नहीं मिल पाती है और दोगुनी आय के बजाय उनको दोहरा नुकसान हो जाता है।

पीड़ित किसान श्री उत्तम सिंह के बेटे श्री आनंद गौतम ने कृषक जगत को बताया कि महेश कृषि सेवा केंद्र , बोढ़ा से कृषि रसायन का पोषक सुपर स्टार 5 लीटर खरीदा था, जिस पर कोई बैच नहीं था। इसके नकली होने का संदेह होने पर तुरंत दुकानदार को अवगत कराया था, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया और न माल बदला। फिर कम्पनी को शिकायत की गई। कम्पनी की जाँच में बारकोड, वजन और रंग के साथ विश्लेषण में भी कई भिन्नताएं पाई गई। इसकी शिकायत कलेक्टर, उप संचालक कृषि और थाना बोढ़ा को की गई, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

Source: https://www.krishakjagat.org/industry-news/agricultural-chemicals-complained-about-selling-fake-nutritional-super-star/#google_vignette